# विदेशी बाजार में चीनी के दाम निचले स्तर से सुधरे

**रॉयटर्स** • लंदन



**ब्राजील** में बारिश के चलते नई फसल आने में देरी की संभावना के चलते आईसीई एक्सचेंज में रॉ शुगर के दाम सुधर गए। जानकारों का कहना है कि अत्यधिक बारिश के कारण ब्राजील में गन्ने की फसल पकने में ज्यादा समय लग सकता है।

जर्मनी में एफओ लिच के सॉफ्ट कमोडिटी एनालिस्ट स्टेफेन यूलेनरॉक ने कहा कि थोड़ी देरी हो सकती है लेकिन ब्राजील में गन्ने की फसल पक कर तैयार होगी और वहां चीनी का उत्पादन शुरू होगा।

आईसीई एक्सचेंज में जुलाई डिलीवरी चीनी के भाव 0.02 सेंट बढ़कर 19.80 सेंट प्रति पाउंड रह गई। सोमवार को इसके भाव गिरकर 18.86 सेंट प्रति पाउंड रह गए थे। यह मूल्य अगस्त 2010 के बाद का सबसे निचले स्तर था। एक विश्लेषक ने कहा कि विश्व बाजार में चीनी की अत्यधिक सप्लाई का दबाव है। ब्राजील में फसल में देरी को छोड़ दें तो आगामी दिनों में चीनी के मूल्य गिरने की कोई वजह नहीं दिखाई देती है। लंदन के लिफ्फे एक्सचेंज में अगस्त डिलीवरी व्हाइट शुगर 2.70 डॉलर बढ़कर 573.60 डॉलर प्रति टन हो गई।